सुशांत को बेहद पसंद आया अंकिता लोखंडे का नया अवतार

बॉलीवुड एक्टर सुशांत सिंह राजपूत ने अपनी पूर्व प्रेमिका अंकिता लोखंडे की पहली बॉलीवुड फिल्म मणिकर्णिका: द क्वीन ऑफ झांसी में उनके पहले लुक की सराहाना की है. दोनों छह वर्षों तक रिश्ते में रह चुके हैं. पिछले सप्ताह सुशांत ने उनकी पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए लिखा, यह बेहद अच्छा दिख रहा है अंकिता. मैं यह देखकर बहुत खुश हूं. भगवान तुम्हें खूब सारी सफलता और खुशियां दें.

वहीं अंकिता ने प्रतिक्रिया दी, शुक्रिया सुशांत. आपके लिए भी यही कामना करती हूं. इस पर टिप्पणी करते हुए सुशांत ने कहा, मैंने तस्वीर देखी और मुझे सचमुच अच्छी लगी. मैं इसके लिए उन्हें बधाई देना चाहता था, मैंने दी. जब सुशांत से पूछा गया कि क्या वह हिंदी फिल्मों में शुरुआत के लिए अंकिता को व्यक्तिगत तौर पर बधाई देंगे? तो उन्होंने कहा, मैं असल जिंदगी में जैसा हूं डिजिटल मंच पर भी वैसा ही हूं, इसलिए मैंने जो टिप्पणी पोस्ट की है, लोगों को दिखाने के लिए नहीं, बल्कि मैं उन्हें वाकई बधाई देना चाहता था और उन्होंने भी इसका जवाब दे दिया, तो मुझे नहीं लगता अब अलग से बातचीत की कोई जरूरत है. सुशांत, तरुण मनसुखानी की ड्राइव और अभिषेक चौबे की सोन चिरैया में दिखेंगे.

मृणालिनी त्यागी अब इश्क में मरजावां में आएंगी नजर

कलर्स टीवी पर आने वाला इश्क में मरजावां दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय है। इस समय इस शो में अर्जुन बिजलानी, अलीशां पवार और निया शर्मा लीड रोल में दिखाई दे रही हैं। शो में काफी ट्विस्ट्स हो रहे हैं जिससे दर्शक इस शो से बंधे हुए हैं। हाल ही में शो में नया ट्रैक शुरु हुआ है जिसकी कहानी लीड किरदार दीप (अर्जुन बिजलानी) पर आधारित है। नए ट्रैक के साथ यह सीरियल दर्शकों को काफी पसंद आ रहा है। इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। वहीं मेकर्स भी इसे एक्साइटिंग बनाए रखने के लिए लगातार शो में नए-नए दिलचस्प मोड़ ला रहे हैं। अब कहानी के अलावा मेकर्स शो में नए ऐक्टर्स भी लाने वाले हैं। खबर है कि पवित्र रिश्ता फेम ऐक्ट्रेस मृणालिनी त्यागी की एंट्री होने वाली है। मृणालिनी इससे पहले पवित्र रिश्ता में भी नजर आ चुकी हैं। इश्क में मरजावां में वह एक अहम किरदार में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार शो में वह सीबीआई अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी। सूत्रों के अनुसार मृणालिनी की एंट्री से शो में कई ट्विस्ट्स आने देखने को मिलेंगे।

अब अपनी फिल्मों में नहीं करूंगा किसिंग सीनः इमरान हाशमी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

बॉलिवुड अभिनेता इमरान हाशमी यह मानते हैं कि सीरियल किसर के तमगे ने उनके करियर को एक अलग पहचान दी है, लेकिन अब जब वह एक निर्माता बन गए हैं और अपने होम प्रॉडक्शन में फिल्मों का निर्माण कर रहे हैं, तब एक अहम फैसला लिया है। इन दिनों इमरान अपनी रिलीज़ के लिए तैयार फिल्म चीट इंडिया के प्रमोशन में जुटे हैं। इमरान ने कहा कि उनके होम प्रॉडक्शन में बनने वाली किसी भी फिल्म में किसिंग सीन कभी भी नहीं होगा। इमरान कहते हैं कि उन्होंने किसिंग सीन पर बैन लगा दिया है।

चीट इंडिया को चुनने की वजह बताते हुए इमरान कहते हैं, यह पहली फिल्म है, जो शिक्षा व्यवस्था पर बनीं है, इससे पहले इस विषय पर कोई फिल्म नहीं बनाई गई है। मेरे लिए यह एक एक्स्पेरिमेंट फिल्म है, जो मनोरंजन के साथ लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी। मैंने कभी भी अपनी लाइफ में एकदम मंद समय नहीं देखा है। फिल्में चलती है या नहीं चलती हैं, लेकिन जब कोई फिल्म नहीं चली है तो मैंने कोई न कोई सीख ली है, हमेशा मेरा पॉजिटिव सोच रहा है। लगातार 10 असफल फिल्में दे चुके इमरान कहते हैं, कई बार लगातार असफलता से कुछ ऐक्टर डिप्रेस हो जाते हैं। ऐसा नहीं है कि मुझे बुरा नहीं लगता है, लेकिन फ्लॉप फिल्मों से वास्तव में हमें यह समझने कि जरूरत है कि दर्शक चाहते क्या हैं। दर्शकों को क्या पसंद आ रहा है और क्या नहीं, यह समझना जरूरी है। इस फिल्म को लेकर मुझे बहुत उम्मीद है कि लोगों को पसंद आएगी क्योंकि इस विषय से स्टूडेंट्स और पैरेंट्स सहित शिक्षा व्यवस्था, टीचर्स, फैकल्टीज, शिक्षा मंत्री और बाकी भी तमाम मंत्री रिलेट करेंगे। इस कहानी को कहना बहुत जरूरी था।

सीरियल किसर की इमेज में सफल रहे इमरान निर्माता भी बन गए हैं। अपना प्रॉडक्शन हाउस खोल लिया है। होम प्रॉडक्शन में फिल्मों के निर्माण पर इमरान ने कहा, हम अपने प्रॉडक्शन हाउस में 2 और फिल्मों की प्लानिंग कर रहे हैं, जल्दी ही इसकी घोषणा करेंगे। इनमें से एक फिल्म कुणाल देशमुख बनाएंगे, जिन्होंने जन्नत बनाई थी। आगे जैसी ही अच्छी कहानियां मिलेंगी, फिल्म बनाता रहूंगा। अब एक प्रड्यूसर होने के नाते मेरी जिम्मेदारी बढ़ जाती है, अपने प्रॉडक्शन की फिल्म में सिर्फ ऐक्टर नहीं होता हूं, अब मैं किसी फिल्म की रायटिंग से लेकर रिलीज़ की मार्केटिंग तक शामिल रहता हूं और मुझे यह सब करने में बहुत मजा भी आ रहा है।

क्या आपके प्रॉडक्शन में बनने वाली फिल्मों में आपके किसिंग सीन होंगे?

जवाब में इमरान कहते हैं, अब मैं जो भी फिल्म अपने होम प्रॉडक्शन में बना रहा हूं, वह मेरी फिल्मों के नाम से जानी जाएंगी, इसलिए मेरे प्रॉडक्शन में बनाई जाने वाली किसी भी फिल्म में किसिंग सीन नहीं होगा, किसिंग सीन में बैन लगा दिया है, मेरी फिल्मों में किस नहीं होगा, क्योंकि किसिंग सीन सही नहीं है।

इमरान हाशमी की फिल्म चीट इंडिया में देश की खोखली शिक्षा व्यवस्था की दशा को दिखाया गया है। फिल्म में इमरान निगेटिव भूमिका में हैं। सौमिक सेन के निर्देशन में तैयार इस फिल्म के निर्माता अतुल कस्बेकर और भूषण कुमार (टी सीरीज) हैं। यह फिल्म अगले महीने 25 जनवरी को देशभर के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज़ होगी।